-:प्रेस नोट:-

दिनांक- 24.07.2025

कार्यालय पुलिस अधीक्षक बांदा

❖ विश्व मानव दुर्व्यापार विरोधी अभियान के अंतर्गत रेलवे स्टेशन बांदा पर संयुक्त चेकिंग एवं जन-जागरूकता कार्यक्रम संचालित कर चलाया गया जागरुकता अभियान।

विवरण– आज दिनांक 24.07.2025 को पुलिस अधीक्षक बाँदा श्री पलाश बंसल के निर्देशन में थाना AHTU, SJPU, WCSO, GRP, RPF तथा ग्रामीण परंपरा विकास संस्थान, चित्रकूट की संयुक्त टीमों द्वारा रेलवे स्टेशन बांदा पर विशेष चेकिंग एवं जन-जागरूकता अभियान संचालित किया गया। अभियान के दौरान यात्रियों को मानव तस्करी, बाल श्रम, बाल भिक्षावृत्ति व बाल विवाह जैसी सामाजिक कुरीतियों के प्रति जागरूक किया गया। यात्रियों को पंपलेट वितरित कर उन्हें मानव तस्करी के विरुद्ध पुलिस के सहयोग तथा ग्रामीण परंपरा विकास संस्थान द्वारा संचालित बाल संरक्षण कार्यक्रमों की जानकारी दी गई। रेलवे स्टेशन पर खड़ी ट्रेन में सफर कर रहे यात्रियों को बच्चा चोरी, मानव तस्करी एवं ज़हरखुरानी जैसे अपराधों के संबंध में सतर्क किया गया एवं बच्चों को अपने परिजनों के साथ रहने की सलाह दी गई। अभियान के दौरान निम्न अधिकारी/कर्मचारी एवं संस्थान प्रतिनिधि उपस्थित रहे--स्टेशन प्रबंधक श्री मनोज कुमार शिवहरे, उ0नि0 अनिल कुमार उपाध्याय, उ0नि0 अतुल कुमार, सहायक उ0नि0 विनय कुमार आरक्षी प्रशांत यादव , आरक्षी देवेंद्र यादव, आरक्षी अनिल कुमार आरक्षी प्रवेश कुमार महिला आरक्षी प्रियंका चौधरी व ग्रामीण परंपरा विकास संस्थान, चित्रकूट से विनोद कुमार, शिवम यादव।